Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## प्रेस नोट

- **भरतपुर में बिजली विभाग के तकनीकी सहायक 5 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *13 अगस्त।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की भरतपुर इकाई द्वारा आज शुक्रवार को भरतपुर में कार्यवाही करते हुये नीरज भास्कर तकनीकी सहायक द्वितिय फीडर इंचार्ज फीडर कठौल, कोर्यालय सहायक अभियन्ता जयपुर डिस्कॉम पहाडी भरतपुर को 5 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी** ने बताया कि ए.सी.बी. इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि परिवादी व उसके पडौसियों के घरेलू विधुत कनेक्शन करवाने के लिये व सर्वे करने की एवज में आरोपी नीरज भास्कर तकनीकी सहायक द्वितिय फीडर इंचार्ज फीडर कठौल, कार्यालय सहायक अभियन्ता जयपुर डिस्कॉम पहाडी भरतपुर द्वारा 70 हजार रुपये की रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी की भरतपुर इकाई के **पुलिस निरीक्षक श्री श्रवण बिश्नाई** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम के द्वारा पहाडी भरतपुर में ट्रेप कार्यवाही करते हुये **आरोपी** नीरज भास्कर को परिवादी से रिश्वत की प्रथम किश्त 5 हजार रूपये लेते प्रकरण में रंगे हाथों में गिरफ्तार किया गया है।

**एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन.** के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

**एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी** ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।